**02/विविध-98/2018**
**बिहार सरकार**
**(परिवहन विभाग)**
*****

पत्रांक–02/विविध-98/2018, परि0 3893 पटना, दिनांक– 12/6/18

**प्रेषक,**

संजय कुमार अग्रवाल, भा0प्र0से0
सचिव,
परिवहन विभाग, बिहार, पटना।

**सेवा में,**

सभी जिला परिवहन पदाधिकारी,
बिहार।

**विषय :– बधिर दिव्यांगों के चालन अनुज्ञप्ति के संबंध में ।**

**महाशय,**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक–RT-11021/40/2014-MVL, दिनांक–28.10.2016 का संदर्भ लेना चाहेंगे, जिसके द्वारा बधिर दिव्यांगों के लिए मोटरवाहन अधिनियम, 1988 के संगत प्रावधानों के अन्तर्गत शिक्षार्थी चालन अनुज्ञप्ति/चालक अनुज्ञप्ति कतिपय शर्तों के साथ निर्गत करने का अनुरोध किया गया है (प्रति संलग्न)।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के उपर्युक्त पत्र के आलोक में अवगत कराना है कि Hearing Aid/Cochlear Implant की स्थिति में चालन अनुज्ञप्ति निर्गत करने के साथ ही बधिर दिव्यांगों को वाहन चालन हेतु अवसर दिये जाने का अनुरोध है एवं यह भी कहा गया है कि सावधानी स्वरूप वे अपने वाहन के आगे एवं पीछे एक ऐसा चिन्ह अंकित करें जिससे आम वाहन चालकों को उनके बधिर दिव्यांग होने की सूचना प्राप्त हो सके एवं वाहन चालन की जाँच हेतु वास्तविक सड़क परिस्थिति के आलोक में कार्रवाई करें।

अतः उपर्युक्त के आलोक में निदेश दिया जाता है कि मोटरवाहन अधिनियम, 1988 के संगत प्रावधानों के आलोक में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के संदर्भित पत्र में अंकित शर्तों के साथ शिक्षार्थी चालन अनुज्ञप्ति/चालन अनुज्ञप्ति आवश्यक जाँचोपरान्त निर्गत करना सुनिश्चित करें।

इस हेतु लोगो की आकृति विभाग द्वारा अनुमोदित किया गया है जिसकी प्रति संलग्न है तथा यह लोगो वाहन के आगे एवं पीछे लगाया जाएगा एवं इस लोगो की आकृति निम्न माप में होगी :–

1. <u>दो पहिया वाहन के लिए</u> –
   क. ऊँचाई– 04 इंच, चौड़ाई–03 इंच (पश्च भाग)
   ख. ऊँचाई– 03 इंच, चौड़ाई–02 इंच (अग्र भाग)
2. <u>चार पहिया वाहन के लिए</u> –
   क. ऊँचाई– 06 इंच, चौड़ाई–05 इंच (पश्च भाग)
   ख. ऊँचाई– 04 इंच, चौड़ाई–03 इंच (अग्र भाग)
3. यह लोगो–रेडियम स्टीकर लाल बेस पर पीले रंग का ग्राफिक्स में होगा।

उपर्युक्त का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

अनु0– यथोक्त।

विश्वासभाजन

11/6/18
**(संजय कुमार अग्रवाल)**
**सचिव,**
**परिवहन विभाग, बिहार, पटना।**

Phone No.:- 0612-2546449, Fax :- 0612 - 2546212, E-mail:- transecy-bih@nic.in


DRIVER IS DEAF
PLEASE WATCH OUT